# लीले घोड़े ऊपर बाबा श्याम की सवारी

तर्ज – राधे राधे जपो चले आएँगे

लीले घोड़े ऊपर, बाबा श्याम की सवारी,
तीन बाण धारी, यो है देव चमत्कारी,
लीले घोडे ऊपर, बाबा श्याम की सवारी......

हारे का है साथी, बेसहारो का सहारा,
दीन दुखियों के लिए, खुला इसका द्वारा,
ये ही राजा राम, ये ही कृष्ण मुरारी,
तीन बाण धारी, यो है देव चमत्कारी,
लीले घोडे ऊपर, बाबा श्याम की सवारी......

खाटू में विराज रहा, चर्चा चारों ओर है,
इसके जैसा देवता, जहाँ में नहीं और है,
मांगने को जाते वहां, लाखों नर नारी,
तीन बाण धारी, यो है देव चमत्कारी,
लीले घोडे ऊपर, बाबा श्याम की सवारी......

पढ़ लो गीता चाहे, पढ़ लो रामायण,
चाहे करलो श्याम का, भजन बड़ा पावन,
बनवारी नाम जपो, बड़ा गुणकारी,
तीन बाण धारी, यो है देव चमत्कारी,
लीले घोडे ऊपर, बाबा श्याम की सवारी......

लीले घोड़े ऊपर, बाबा श्याम की सवारी,
तीन बाण धारी, यो है देव चमत्कारी,
लीले घोडे ऊपर, बाबा श्याम की सवारी.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32545/title/leele-ghode-upar-baba-shyam-ki-sawari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |